गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षण विभाग में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर साइकल रैली का आयोजन (29/08/2022)

दिनांक 29/08/2022 को गुरु घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर के शारीरिक शिक्षण विभाग में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर साइकल रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय प्रोफेसर आलोक कुमार चक्रवाल रहे। इस दौरान शिक्षा संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर विशन सिंह राठौड़, शारीरिक शिक्षण विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ संजीत सरदार, विभिन्न विभागों के शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या मे छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुवात शारीरिक शिक्षण विभाग के विभाग के विभागाध्क्ष डॉ संजीत सरदार के स्वागत उद्बोधन के साथ हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय ने अपने उद्बोधन मे सभी लोगो को खेल दिवस की बधाई दी एवं मेजर ध्यान चंद जी के योगदान के बारे मे बताया की उन्हे किस तरह से जर्मनी के द्वारा प्रलोभन दिया गया था फिर भी उन्होने अपने देश को चुना एवं हॉकी मे देश का नाम रौशन किया। उन्होने शारीरिक शिक्षण विभाग के शिक्षको एवम छात्रों की सराहना करते हुए कहा की वे बहुत ही अनुशाशित है एवं विभाग के छात्र समय-समय पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं मे अपने आप को साबित करते रहे है। उन्होने इस अवसर पर विश्वविद्यालय के खेल अधोसंरचना के बारे मे चर्चा करते हुए कहा कि आने वाले कुछ सालो मे गुरु घासीदास विश्वविद्यालय खेल अधोसंरचना के आधार पर देश ही नहीं अपितु विश्व की अग्रणी संस्थाओ मे रहेगा। इस अवसर पर साइकल रैली गुरु घासीदास जी की प्रतिमा से प्रारम्भ होकर लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पूरी करके अंत मे गुरु घासीदास जी की प्रतिमा के पास समाप्त हुई। अंत मे शिक्षा संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर विशन सिंह राठौड़ के द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के दौरान साइकल रैली मे भाग लेने वाले वाले समस्त प्रतिभागियों को फिटनेस के मूल मंत्र को अपनाने तथा जीवन पर्यंत खुद को एवं अपने परिवार को स्वस्थ रखने की शपथ दिलाई गयी।

Guru Ghasidas Vishwavidyalaya
Department of Physical Education
Celebration of
NATIONAL SPORTS DAY

Guru Ghasidas Vishwavidyalaya
Department of Physical Education

विभागाध्यक्ष
शारीरिक शिक्षा विभाग
गुरु घासीदास विश्वविद्यालय
बिलासपुर (छ.ग.)

(डॉ. संजीत सरदार)